# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.06.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**<u>मुख्य समाचार :–</u>**

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी में आज किसान सम्मान सम्मेलन में बीस हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि की सत्रहवीं किस्त की जारी : नौ करोड़ 26 लाख किसानों को मिला लाभ।
2. प्रधानमंत्री ने कहा खेती को नई दिशा देने के लिए माताओं और बहनों की भूमिका का किया जा रहा है विस्तार।
3. मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में जारी किया रेड अलर्ट : कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछार पड़ने की जताई संभावना।

और

4. चौथे और ज्येष्ठ माह के आखिरी बड़े मंगल पर लखनऊ के मंदिरों में दिखी भक्तों की भारी भीड़ : जगह–जगह भंडारों में किया गया प्रसाद वितरण।

———————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे। जहां उन्होंने किसान सम्मान सम्मेलन में भाग लिया। श्री मोदी ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण–डीबीटी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत करीब नौ करोड 26 लाख लाभार्थी किसानों को बीस हजार करोड रुपये से अधिक की 17वीं किस्त जारी को। इस सम्मेलन में उन्होंने किसानों से संवाद करने के साथ ही उनके उत्पाद भी देखे। प्रधानमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की तीस हजार से ज्यादा महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान किये। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि काशी के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार अपना प्रतिनिधि चुन कर धन्य कर दिया है। उन्होंने कहा कि किसान भाई–बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए उनकी सरकार प्रतिबद्ध है। बाइट...

*मैंने किसान, नौजवान, नारी शक्ति और गरीब इन्हें विकसित भारत का मजबूत स्तंभ माना है अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत मैंने इन्हीं के सशक्तिकरण से की है। सरकार बनते ही सबसे पहला फैसला किसान और गरीब परिवारों से जुडा फैसला लिया गया है। देश भर में गरीब परिवारों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने हो या फिर पीएम किसान सम्मान निधि को आगे बढ़ाना हो ये फैसले। करोड़ों करोड़ों लोगों की मदद करेंगे।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि माताओ और बहनों के बिना खेती की कल्पना करना असंभव है। इसलिए खेती को नई दिशा देने के लिए भी माताओं और बहनों की भूमिका का विस्तार किया जा रहा है। बाइट...

*अब हम कृषि सखी के रूप में खेती को नई ताकत मिलते हुए देखेंगे। आज तीस हजार से अधिक सहायता समूहों को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र दिए गए है । अभी बारह राज्यों में ये योजना शुरू हुई है। आने वाले समय में पूरे देश में हजारों समूहों को इससे जोड़ा जाएगा।*

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। उन्होंने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री के तौर पर पहला फैसला श्री मोदी ने किसानों के हित में लिया है। बाइट....

*तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ आदरणीय मोदी जी ने ली तो उन्होंने सबसे पहला कार्य और सबसे पहले किसी एक फाइल पर हस्ताक्षर किया तो हुआ था पुनः अन्नदाता किसानों के लिए समर्पित और आज देश के करोड़ों किसानों को प्रधानमंत्री मोदी जी के द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की इस नई सौगात के साथ इस नए अभियान का शुभारंभ होने जा रहा है।*

किसान सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम में केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद, श्री मोदी का अपने संसदीय क्षेत्र का ये पहला दौरा है। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के बाद दशाश्वमेध घाट में गंगा आरती में शामिल हुए। इसके बाद श्री मोदी का काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन करेंगे। श्री मोदी आज वाराणसी में रात्रि

विश्राम क बाद कल बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय परिसर का उद्घाटन करेंगे।

———————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राम पंचायत प्रमुखों स योग और मोटे अनाज के बारे में जागरूकता फैलाकर समग्र स्वास्थ्य को एक जन आंदोलन बनाने का आग्रह किया है। ग्राम प्रधानों को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि पंचायत परिसरों, विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर योग आधारित कार्यक्रमों का आयोजन लोगों तथा युवाओं को स्थायी और तनाव मुक्त जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करेगा। इससे एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की दिशा में सरकार के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा।

पूरे प्रदेश में दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत योग सप्ताह जोर–शोर से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में वाराणसी में प्रदेश के आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र ने राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सा परिसर में योग के माध्यम से निरोग रहने की बात कही। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योग को बढ़ावा मिला है।

जौनपुर में भी योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डॉ कमल ने बताया की योग अभ्यासों से व्यक्ति

के भीतर अंतर्निहित शक्तियों का पूर्ण विकास होना शुरू हो जाता है।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 30 तारीख को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। श्री मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद यह पहला 'मन की बात' कार्यक्रम होगा। श्रोता टोल फ्री नंबर 1800–11–7800 के माध्यम से कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव दे सकते हैं। नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर ऑनलाइन भी सुझाव दिये जा सकते हैं। 28 जून तक भेजे गए सुझाव और विचारों को कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

सिकल सेल अनीमिया ऑडियो

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

—————————

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में 44 गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण और विकास का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार ने पशुधन विभाग को आदेश जारी किया है कि पांच लाख 28 हजार रुपये की धनराशि से 15 जिलों में गो संरक्षण केंद्रों के निर्माण और विकास को सुनिश्चित किया जाए।

इसो क्रम में बरेली, उन्नाव, शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, जालौन, मथुरा, सम्भल, रायबरेली, अमेठी, हरदोई, फतेहपुर, मुरादाबाद और आगरा जिले के अंतर्गत आने वाले कुछ कस्बों में गो संरक्षण केंद्रों का निर्माण और विकास किया जाएगा।

—————————

देश भर में तीन नये आपराधिक कानून एक जुलाई से लागू हो जायेंगे। इन नये कानूनों में केस संपत्तियों के त्वरित निपटान का प्रावधान भी किया गया है। नये कानूनों में न्यायाधीश या मजिस्ट्रेट को केस का तीस दिनों के अंदर निपटारा करना अनिवार्य होगा। जिससे कानूनी प्रक्रियाओं को संरचित करने में मदद मिलती है। इस पूरी प्रक्रिया में तकनीक का भी उपयोग किया जायेगा। इसमें फोटोग्राफी से लेकर वीडियोग्राफी तक शामिल है। धारा 497 संपत्तियों

के सबंध में पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और दक्ष बनाए रखना सुनिश्चित करती है। वहीं धारा 497 के अनुसार फोटो या वीडियोग्राफी रिकॉड्र्स को अब जांच, ट्रायल या अन्य कानूनी प्रक्रियाओं में प्रमाण के रूप में स्वीकृत किया जायेगा। इससे संपत्तियों के संबंध में प्रत्येक कदम का विस्तृत रिकॉर्ड सुनिश्चित किया जा सकेगा। नये कानूनों में केस सम्पत्तियों के मामले का समय पर निस्तारण किया जा सकेगा। रिकॉर्डिंग के तीस दिनों के भीतर, संपत्ति को नष्ट, जब्त या वितरित किया जायेगा। नये आपराधिक कानूनों के लागू होने से केस सम्पत्तियों के मामलों की पूरी प्रक्रिया का दस्तावेजों में दर्ज किया जायेगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और जवाबदेही सुनिश्चित होगी।

तीन नये आपराधिक कानूनों पर अधिक जानकारी के लिए सुनिए हमारा विशेष कार्यक्रम कल सुबह दस बजकर पचास मिनट पर।

——————————

पूरे उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का सिलसिला जारी है। प्रयागराज सोमवार को देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं सुल्तानपुर, कानपुर और हमीरपुर में भी पारा 46 से 47 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। बीते 24 घंटों में लखनऊ और उसके आसपास के ज़िलों मं अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। पश्चिमी उत्तर

प्रदेश के कई शहरों में लू की स्थिति बनी हुई है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक दर्ज किया गया।

---------

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने ज्येष्ठ माह के चतुर्थ और अंतिम बड़े मंगल को लखनऊ के हजरतगंज स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पर भंडारे का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल भी शामिल हुए।

---------

निर्जला एकादशी के अवसर पर श्री काशो विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा भजन संगीत संध्या का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने इस भजन संध्या का आनंद उठाया। वहीं मथुरा में निर्जला एकादशी पर श्रीद्वारकाधीश और वृन्दावन के ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई।

---------